An Initiative of CollCom

collcom
Empowering Youth through Community Service

Cyber Sanskar Magazine | Vol 6, Issue May 2023

# CYBER संस्कार

साइबर अपराध के खिलाफ एक कदम

+60, + 62, +84, + 251, +27






## इंटरनेशनल व्हाट्सएप कॉल स्कैम

कहीं अगले शिकार आप तो नही !

सावधान!

HELPFUL TIPS

## Unveiling WhatsApp Scams

(Trends and Tactics in 2023)

# विषय-सूची

# Unveiling WhatsApp Scams

Trends and Tactics in 2023!


- क्या है इंटरनेशनल कॉल व्हाट्सएप स्कैम
- व्हाट्सएप से होने वाले फ्रॉड के विभिन्न तरीके
- सच्ची घटनाओं के माध्यम से फ्रॉड को समझना
- बचने के उपाय और सत्यता की जांच के तरीके
- फ्रॉड के प्रति कानूनी कार्रवाई।
- फ्रॉड होने पर शिकायत कहाँ करे।
















SPECIAL REPORT



# WHATSAPP SCAM!


**व्हाट्सएप (WhatsApp) दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला सोशल मीडिया चैटिंग एप है | 2021 के अनुसार विश्वभर में 2 अरब से अधिक सक्रिय उपयोगकर्ता हैं। यह 180 से अधिक देशों में उपलब्ध है और 60 से अधिक भाषाओं का समर्थन करता है। भारत में WhatsApp उपयोगकर्ताओं की सबसे अधिक (487.5 Million यानी 48.75 करोड़) संख्या है, जिसके बाद ब्राजील और संयुक्त राज्य अमेरिका का नंबर आता है।**

इस बार की ये मैगज़ीन **सभी आयु वर्ग के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण** होने वाली है, इसमें हम व्हाट्सएप के ऊपर साइबर धमकियों के निरंतर बदलते मंज़र पर गहराई से जाएंगे और **वर्ष 2023 में उभरते रुझान और तकनीकों पर प्रकाश** डालेंगे।

जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी आगे बढ़ती है, **साइबर अपराधी नये-नये तरीके विकसित करके लोगो को ठगने की कोशिश** करते हैं, जिसके कारण सभी आयु वर्ग के लोगो और संगठनों को जागरूक और सतर्क रहना महत्वपूर्ण हो जाता है।

इन दिनों **इंटरनेशनल फेक कॉल** व **Nude Video Call** स्कैम काफी तेजी से बढ़ रहा है और **प्रति दिन हजारो लोग इस स्कैम का शिकार** हो रहे है और अपने जीवन के इकट्ठी की गयी **मेहनत की कमाई को पल भर में गवां** रहे है।

ऐसे कई कॉल्स हमारे पास भी आये, जानकार बहुत हैरानी होती है की **सभी लोग शॉर्टकट में बिना मेहनत किये हुए पैसा कमाना चाहते** है जो **अक्सर संभव नहीं होता** है। हमने काफी अध्ययन और रिसर्च के आधार पर आपके सामने व्हाट्सएप पर हो रहे स्कैम के बारे में बताया है, इसे जरूर पढ़े, आप बताये गए जानकारी और उपाय से जरूर लाभान्वित होंगे।



# 'WHATSAAP के माध्यम ठगी का अंबार!'

INDIA TODAY

Magazine | Live TV | Search

News / Technology / News / Noida woman falls for WhatsApp part-time job offer scam, loses Rs 4.3 lakh by liking YouTube videos

### Noida woman falls for WhatsApp part-time job offer scam, loses Rs 4.3 lakh by liking YouTube videos

A woman residing in Noida received a message on WhatsApp offering her a part-time job. She was asked to like YouTube videos to earn money. The scammers duped the woman of Rs 4.3 lakh.

tech.hindustantimes.com

HT TECH MAKE LIFE SIMPLE

Search | Log In

HOME | NEWS | MOBILE | LAPTOPS PC

Home > Tech > News > WhatsApp Scam alert! ...

### WhatsApp Scam alert! Woman tricked out of Rs. 4.3 lakh in YouTube 'likes' fraud

A woman h... offer scam...

### Check the WhatsApp messages that made woman lose Rs 27 lakh in 'YouTube like' scam

TIMESOFINDIA.COM / UPDATED: APR 26, 2023, 15:20 IST



abp

होम > टे...

### Whatsapp Scam: व्हाट्सएप पर एक क्लिक से महिला के 21 लाख रुपये चुटकियों में हुए गायब

ABP Live

Updated at: 25 Aug 2022 07:59 AM (IST)

INDIA TODAY

Magazine | Live TV | Search

News / Technology / News / Many Indian WhatsApp users have lost lakhs by clicking on links and liking YouTube videos, you could be next

### Many Indian WhatsApp users have lost lakhs by clicking on links and liking YouTube videos, you could be next

Scammers are offering lucrative part time job opportunities to WhatsApp users. The part time offer include tasks like watching videos, subscribing to channels, rating movies or restaurants, and often require victims to make initial investments with the promise of refunds or higher profits, resulting in significant financial losses.

NDTV

Live TV | India | Trending | Latest | Video | Opinion | India Global | World | Cities

IPL 2023

### "Block And Report": WhatsApp Responds To Complaints Over International Calls

Of late, many WhatsApp users in India have been receiving missed calls from unknown international numbers.

THE TIMES OF INDIA

SIGN IN

Tech | Gadgets News | Tech News | Gadgets | Reviews | Top Gadgets | Slideshows | Videos | How To | Featured

TRENDING TOPICS | WhatsApp scam

### WhatsApp scam: Don't take voice/video calls from these 'dangerous numbers'

TIMESOFINDIA.COM / May 8, 2023, 08:02 IST

### पंडित प्रदीप मिश्रा के नाम पर धोखाधड़ी, किताबे और रुद्राक्ष के नाम पर आरोपियों ने भक्तों को ठगा

आरोपियों ने पं. मिश्रा के नाम पर लोगों को कुछ इस तरह बेवकूफ बनाया कि उनसे पैसे लेकर उनके द्वारा लिखित किताबें व रुद्राक्ष मंगवाने के नाम पर 500-500 रुपये मंगवा लिए थे।

On Jan 17, 2023

CHHATTISGARH

### IAS के नाम से बनाया फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट, धोखाधड़ी की कोशिश

News / Technology / Tech /

### WhatsApp missed call scam, AI voice phishing & fake job offers: Expert shares ways to stay safe

SPECIAL REPORT



# WHATSAPP SCAM!

## WHATSAAP SCAM के तरीके


- International Fake Calls








- Nude Video Call Scam



- Direct Part Time JoB SCAM



- Miscellaneous Messages




- Fake ID and GB WhatsApp



SPECIAL REPORT



# इंटरनेशनल फेक कॉल

## क्या है इंटरनेशनल फेक कॉल

हाल ही में भारत में कई व्हाट्सएप यूजर्स को अनजान अंतरराष्ट्रीय नंबर ( उदाहरण के लिए **+60 (मलेशिया), +84 (वियतनाम), +62 (इंडोनेशिया), +27 (दक्षिण अफ्रीका), +251 (इथियोपिया)** आदि से शुरू होने वाले नंबर) से मिस्ड कॉल या मैसेज मिला है। **साइबर विशेषज्ञ कहते है** की इस प्रकार का मिस्ड कॉल का **मुख्य उद्देश्य एक्टिव व्हाट्सएप अकाउंट को ट्रेस करना** है, ताकि उस एक्टिव अकाउंट पर मार्केटिंग की जा सके।

जब आपको मिस कॉल आता है तो अक्सर आप उस पर कॉल बैक करते है। चूंकि **भारत में एक व्यक्ति कई नंबर से व्हाट्सएप उपयोग करता है** तो एक्टिव व्हाट्सएप को ट्रेस करने के लिए इंटरनेशनल कॉल का ये नया तरीका ढूंढा गया है जहाँ आप ओर्जिनल कॉलर को ट्रेस न कर पाए। ये कॉलर सक्रिय व्हाट्सएप अकाउंट को ट्रेस करके अच्छी कीमत पर सारे नंबर को ब्लैक मार्केट में बेच देते है और मार्केटिंग एजेंसीज और साइबर अपराधी उसी एक्टिव व्हाट्सएप उपयोगकर्ता को टारगेट करके अपने लक्ष्य को आसानी से अंजाम दे देते है । इस **प्रकार के अनजान कॉल** को आमतौर पर **इंटरनेशनल फेक कॉल, व्हाट्सएप स्पूफ कॉल या फिशिंग कॉल** भी कहा जाता है।

## इंटरनेशनल कॉल से ठगी के तरीके

चूंकि सभी तरीके में साइबर अपराधी आपसे पैसे लेने के लिए विभिन्न प्रकार के हथकंडों को अपनाते है अर्थात उनका मुख्य मकसद आपसे पैसे की ठगी करना है, जैसे वर्तमान में बहुत प्रचलित है - पार्ट टाइम जॉब

**आईये समझते है किस तरह से ये इंटरनेशनल मिस्ड कॉल या मैसेज के माध्यम से पार्ट टाइम जॉब स्कैम करते है|**







## पार्ट टाइम जॉब स्कैम

फ्रॉड के इस प्रारूप में आपको **+60 (मलेशिया), +84 (वियतनाम), +62 (इंडोनेशिया), +27 (दक्षिण अफ्रीका), +251 (इथियोपिया)** आदि से शुरू होने वाले देश कोड वाले विदेशी नंबरों से मिस्ड कॉल/संदेश प्राप्त होते है, जैसे ही आप उनके फोन उठाते है या कॉल बैक करते है या उनके मैसेज का रिप्लाई करते है तो उनका खेल शुरू हो जाता है, वो आपको **लुभावने जॉब ऑफर** करते है जैसे **YouTube Subscribe** और **Like करने का**, SMS भेज कर कंपनी के तरफ से कॉल करके **प्रति दिन 1000 से 5000 रुपए** तक कमाने का इत्यादि।

**SPECIAL REPORT**


# सच्ची घटना पर आधारित

## पार्ट टाइम जॉब ऑफर स्कैम

**नीचे स्कैमर और विक्टिम के बीच हुए वार्तालाप से हम इस फ्रॉड के तरीके को समझने का प्रयत्न करेंगे।**

**सर क्या मैं आपका कुछ समय ले सकता हूँ ?**

ये एक ओलिविया मर्फी डिजिटल कंपनी है, जहाँ आपको प्रति यूट्यूब चैनल सब्सक्राइब या लाइक करने के 50 Rupee मिलेंगे और एक दिन के लगभग 3000 रूपए तक घर बैठे बैठे आप कमा सकते है।




**जी बिल्कुल**


**ठीक है भेजिए।**




मैं अभी आपको 2 चैनल के लिंक भेज रहा हूँ जिसको सब्सक्राइब और लाइक करने के बाद आपको 100 रुपए दिए जायेंगे। आप सब्सक्राइब करने के बाद स्क्रीन शॉट भेजिए।

**ठीक है।**

**विक्टिम द्वारा स्क्रीन शॉट भेजा गया।**




**बहुत बढ़िया !**

टास्क पूरा करने के लिए धन्यवाद अब आप टेलीग्राम पर अपने सैलरी के लिए रिसेप्सनिस्ट से संपर्क करे।

आपका कोड: 8736860###, रिसेप्सनिस्ट **टेलीग्राम id-@safira_official00**

**मैसेज करने के बाद आप स्क्रीन शॉट भेजे।**




स्कैमर ने विक्टिम को टेलीग्राम इनस्टॉल करवाया और बताये गए रिसेप्सनिस्ट को मैसेज करके स्क्रीन शॉट भेजने के लिए कहा

**विक्टिम द्वारा टेलीग्राम पर रिसेप्सनिस्ट को किये गए कम्युनिकेशन का स्क्रीन शॉट स्कैमर को भेजा गया।**

SPECIAL REPORT

# पार्ट टाइम जॉब ऑफर स्कैम


अब तक के किए गए वार्तालाप में विक्टिम के मन में कही न कही शक था कि इतना आसान काम नहीं हो सकता इस काम के लिए भला कोई क्यों पैसे देगा परंतु आगे क्या हुआ, कितने पैसे मिले या नहीं मिले, किस तरह से ट्रैप किया गया आगे देखते है।



**आपका अपवर्क वीडियो कैंपेन में स्वागत है।**



**आपका कोड सत्यापित हो चुका है, अब आपको अपनी कुछ और जानकारियाँ देनी है जिसके बाद आप हमारे पार्ट टाइमर एम्पलॉई बन जायेंगे |**






**Victim द्वारा मांगी गयी डिटेल भेज दी गई।**



**सैलरी के लिए अपना बैंक डिटेल भेजिए।**







**Victim द्वारा डिटेल भेजी गई।**

**डिटेल भेजने के कुछ ही समय में 100 rupee अकाउंट में क्रेडिट हो जाते है। अब विक्टिम को काफी हद तक सब कुछ ठीक लगने लगता है। उसे यकीन होने लगता है सब कुछ सही है, पार्ट - टाइम जॉब भी ऑथेंटिक है |**



**Victim के फोन पर 100 रुपए प्राप्त होने का संदेश।**




**SPECIAL REPORT**

# पार्ट टाइम जॉब ऑफर स्कैम

अब Victim को एक टेलीग्राम में एक चैनल से जोड़ा जाता है, जहाँ पर task दिए जाते है। यहाँ task के दो प्रारुप होते है पहला प्रारुप एक साधारण टास्क जहाँ वीडियो को लाइक और सब्सक्राइब करना होता है और दूसरा प्रारुप जो इन्वेस्टमेन्ट प्रीपेड के रूप में होता है जहाँ इन्वेस्ट करते ही आपको उसका डेढ़ - गुना या दो गुना तक रिटर्न मिलता है।




इस प्रीपेड task में अलग अलग कमीशन जुड़े है। जैसे 1000 Rs इन्वेस्ट करने पर 1300 रूपए का कैशबैक बोनस 3000 Rs पर 3900 रूपए तक का कैशबैक बोनस, इसी प्रकार 2 लाख इन्वेस्ट करने पर 2 लाख 60 हजार रुपये






इस चैनल ग्रुप में कई ऐसे इन्वेस्टमेंट और कैशबैक पेमेंट के स्क्रीनशॉट थोड़े-थोड़े अंतराल पर शेयर किया जाता है ताकि इसे देख कर आप और उत्साहित होकर इसमें इन्वेस्ट करने के लिए आकर्षित हो, और इस ट्रैप में फसते चले।





## ये पूरा प्रक्रिया एक-तीन दिन में होता है, और अधिकतर लोग सामान्य task पूर्ण कर रहे होते है, अब प्रीपेड टास्क पूरा न करने से सामान्य टास्क के प्रति सब्सक्राइब के सिर्फ 5 रुपए मिलते है, और न्यूनतम निकासी राशि 150 रुपये कर दी जाती है।

अगली सुबह जिन्होंने प्रीपेड टास्क पूर्ण नही किया था उनके यहां से रिसेप्सनिस्ट का एकाउंट डिलीट दिखाई देता है। और जिन्होंने पूर्ण किया उन्हे नए रिसेप्सनिस्ट का आईडी प्राप्त होता है।




वीडियो कैंपेन में साइबर क्रिमिनल उपयोगकर्ता को प्रीपेड टास्क की ओर आकर्षित करना चाहता है, जो प्रीपेड टैक्स में इन्वेस्ट नहीं करते है उनका रिसेप्सनिस्ट से संपर्क ब्रेक कर दिया जाता है, इस प्रकार से स्कैम करने वाली कंपनी का काला चिट्ठा उपयोगकर्ता के सामने आ जाता है।




**वही दूसरी तरह जो प्रीपेड टास्क में इन्वेस्टमेंट करते है वो स्कैमर के हनी ट्रैप में फसते चले चले जाते है और एक समय में बड़ा इन्वेस्टमेंट के बाद वो फ्रॉड का शिकार बन जाते है। अतः कभी भी ऐसे शार्ट कट तरीके से पैसे कमाने वाले ऑफर से सावधान और सतर्क रहे।**

SPECIAL REPORT

# WHATSAPP SCAM!



## न्यूड वीडियो कॉल स्कैम

इस तरह की धोखाधड़ी में, आपको आमतौर पर एक **अनजान नंबर से वीडियो कॉल** आएगा या किसी **अनजान लड़की द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से संपर्क** किया जायेगा, जो आपको एक वीडियो कॉल करने के लिए आग्रह करेगी और **आपको न्यूड होकर बात करने के लिए प्रेरित** करेगी।




**दूसरे केस** में आपको **अनजान नंबर से वीडियो कॉल** आएगा और जैसे ही आप रिसीव करते करते है तो **वीडियो कॉल पर लड़की आपको अपने कपडे उतारते** हुए नजर आती है और आपका वीडियो उस लड़की के साथ 10-20 सेकंड के लिए रिकॉर्ड कर दिया जाता है।

इस तरह की धोखाधड़ी का उद्देश्य **आपके वीडियो को शेयर करने का डर बनाकर ब्लैकमेल करके आपसे मनचा करके आपसे मनचाही पैसेही पैसे** या अन्य निजी जानकारी को हासिल करना होता है। ब्लैक मेल करने का सिलसिला काफी लम्बा चलता है जिसमे आपको अ**क्सर फ्रॉड पुलिस अधिकारी, वकील/लॉयर, यूट्यूब मैनेजर के नाम पर कॉल करके** आपको परेशान किया जाता है।

## वास्तविक घटना -

https://navbharattimes.indiatimes.com/state/punjab-and-haryana/gurgaon/blackmail-young-man-after-nude-video-call-in-gurugram-and-extorted/articleshow/98108207.cms

## HELPFUL TIPS

1. **अनजान नंबर से आए वीडियो कॉल रिसीव न करे।**
2. **सोशल मीडिया पर अनजान लोगो का फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करे**
3. **आपत्तिजनक वीडियो बनने पर घबराये नहीं, इसकी शिकायत तुरंत साइबर पुलिस और महिला आयोग को करे।**
4. **ट्रू कॉलर पर बताये गए कॉलर इनफार्मेशन और व्हाट्सएप पर दिख रहे प्रोफाइल पिक्चर पर आँख बंद कर भरोसा न करे**





# WHATSAPP SCAM!

## Miscellaneous Messages

आजकल व्हाट्सएप पर विभिन्न प्रकार के **लुभावने ऑफर के संदेश** प्राप्त होते ही रहते है, ऑफर के साथ ही उसमे उस ऑफर को पाने के लिए **संदिग्ध लिंक** भी दिए जाते है, जिसपर आप क्लिक करते ही अपने **मोबाइल का पूरा एक्सेस** उनके (साइबर क्रिमनल) हाथ में दे देते है या फिर आपके फ़ोन में एक **मालिसियस एप्लीकेशन चुप-चाप इनस्टॉल** हो जाता है जो आपकी पूरी जानकारी साइबर क्रिमनल को देते रहता है।




**अतः इस प्रकार से आए किसी भी संदेश में दिए लिंक पर भूलकर भी क्लिक ना करे अन्यथा आप अपने जीवन के कुछ हसीन लम्हे अफसोस में गुजार देंगे।**

**SPECIAL REPORT**





# WHATSAPP SCAM!




## Direct Part time Job Offer

नकली पार्ट टाइम नौकरियों की घोषणा आमतौर पर अविश्वसनीय व्हाट्सएप संदेशों द्वारा की जाती है। ये संदेश उम्मीदवारों को वादा करते हैं कि वे घर बैठे काम करके हर महीने भारी आय ( 3000 से 5000 प्रति दिन ) प्राप्त कर सकते हैं। हालांकि, ये संदेश धोखाधड़ी के होते हैं और असली काम की जगह धन वसूली के लिए पैसे मांगने का प्रयास करते हैं।




**वास्तविक घटना-** [https://zeenews.india.com/hindi/india/cheating-of-crores-in-the-name-of-part-time-job-these-messages-were-sent-to-people-on-whatsapp-telegram/1378613](https://zeenews.india.com/hindi/india/cheating-of-crores-in-the-name-of-part-time-job-these-messages-were-sent-to-people-on-whatsapp-telegram/1378613)



ऑथेंटिक सोर्स या कंपनी के वेबसाइट से ही जॉब को ढूंढे और अप्लाई करे, ध्यान रखे ऑथेंटिक जॉब पाने के लिए कभी भी कोई जॉब प्रोसेसिंग फी का डिमांड करता है तो सावधान और सतर्क हो जाये।



# WHATSAPP SCAM!



## Fake WhatsApp I'd Scam

**फेक WhatsApp आईडी** धोखाधड़ी एक तकनीक है जिसमें धोखेबाज व्यक्ति खुद को किसी अन्य व्यक्ति या संगठन के नाम पर पेश करता है, जिसे विश्वसनीय माना जा सकता है, और उपयोगकर्ताओं से व्यक्तिगत या गोपनीय जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करता है। इसका **मुख्य उद्देश्य वित्तीय जानकारी, बैंक खाता विवरण, पासवर्ड, सोशल मीडिया क्रेडेंशियल्स या अन्य महत्वपूर्ण जानकारी** को प्राप्त करना होता है।

Fake I'd Gaurav Kumar (Director of CollCom)




Fake Job Offer, जबकि कॉलकम संस्था ऐसी किसी भी प्रकार की जॉब ऑफर नही कर रही।

Fake ID of Abhishek (victim) Relation

Profile I'd सोशल मीडिया से प्राप्त हुआ।




यहां अभिषेक ने बिना कॉल किए अपने रिश्तेदार को पैसे भेज कर गलती की।

ध्यान रहे किसी को भी पैसे भेजते समय उसके वास्तविक नंबर पर कॉल कर कन्फर्म करे।

**वास्तविक घटना-** https://www.etvbharat.com/hindi/madhya-pradesh/state/gwalior/50-thousand-cheated-from-the-employee-by-making-a-fake-id-of-vice-chancellor-on-whatsapp/mp20220329121855866



अत: किसी भी जॉब ऑफर के बारे में जानने के लिए संबंधित संस्था की वेबसाइट पर पता करे और अनजान लिंक को क्लिक करने से बचे।

SPECIAL REPORT



# साइबर सुरक्षा टिप्स

## व्हाट्सएप के अन्य वर्जन को डाउनलोड ना करे अन्यथा-








- आपकी व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग होने का खतरा।
- आपकी फोटो, वीडियो के लीक होने का खतरा चाहे आपने उसे प्राइवेट ही क्यों न किया हो।
- आपकी सभी पर्सनल वीडियो कॉल को रिकॉर्ड कर बाद में ब्लैकमेल होने का खतरा।
- आपके contact number पर आपके पर्सनल जानकारी से पैसे मांगे जाने का खतरा।




आईईईई ओ! ये तो बहुत खतरा है जी, मैं तो अपनी गर्लफ्रेंड से बहुत बात किया हूं, उसका स्टेटस डाउनलोड किया, स्टीकर भेजा, अब इस GB व्हाट्सएप को डिलीट करना मांगता है।

**GB WhatsApp, Pink WhatsApp, WHATSAPP Gold etc. किसी भी व्हाट्सएप को बाहरी सोर्स से इंस्टाल न करे।**

SPECIAL REPORT




# साइबर सुरक्षा टिप्स

## व्हाट्सएप पर आए अनजान इंटरनेशनल नंबर से कॉल को न उठाए।






प्रतिपल सतर्क रहे, अनजान इंटरनेशनल नंबर से आए कॉल/वीडियो कॉल कभी न उठाए अथवा आप ठगी के शिकार हो सकते है। बिल्कुल इनकी तरह।

https://zeenews.india.com/personal-finance/whatsapp-nude-video-call-scam-man-loses-rs-1-57-lakhs-but-gets-back-rs-1-39-lakh-check-how-2532720.html

SPECIAL REPORT


# साइबर सुरक्षा टिप्स


# Two-factor authentication (2FA) अवश्य लागू करे।



## लागू करने के लिए विभिन्न चरणों का पालन करे:






SPECIAL REPORT




# साइबर सुरक्षा टिप्स

## अनजान नंबर से आये इंटरनेशनल कॉल/ स्कैम कॉल और घोटाले की रिपोर्ट करे





चैट खोलें जिसकी आप रिपोर्ट करना चाहते हैं।




नंबर को रिपोर्ट करें ।




अंत में, फिर उस नंबर को ब्लॉक करें।

SPECIAL REPORT

# साइबर सुरक्षा टिप्स

**Bank details जैसे OTP, CVV, customer ID, UPI pin इत्यादि किसी भी व्यक्ति चाहे वो बैंक का कर्मचारी ही क्यों न हो, के साथ साझा न करे।**





SPECIAL REPORT

# कानूनी कार्रवाई

## इस प्रकार के अपराध के लिए सरकार के कदम




### फर्जी कॉल करने की सजा

Source - NBT



- कोई आपको अनजान नंबरों से फोन करके परेशान करे ।
- कोई पॉलिसी और नए नए ऑफर बताकर आपको प्लान देने की बार बार कोशिश करे।
- मदद के नाम पर कोई इमोशनल कॉल करके रुपयों की मदद मांगे

**तो ऐसे सभी मामले भारतीय टेलीग्राफ एक्ट की धारा 25 सी के अंतर्गत अपराध की श्रेणी में आते हैं । इसमें तीन साल की सजा या जुर्माना दोनों हो सकता है।**

### विदेश से आने वाले कॉल की ऐसे करें शिकायत

फेक कॉल करने वालों पर नकेल कसने के लिए ट्राई का टोल फ्री नंबर भी है। ट्राई के टोल फ्री नंबर 1800110420 पर कॉल करके ऐसे कॉल की कर सकते हैं शिकायत।

SPECIAL REPORT

# साइबर सुरक्षा टिप्स



**यदि कोई भी संदेश आपको प्राप्त हो जो आवश्यक भी लगे परंतु संदेहजनक भी तो आप कॉलकम से संपर्क कर उसकी जानकारी ले सकते है।**






*आपको यहाँ से अपने शंकाओं का समाधान मिल सकता है और साथ ही आप हमारे साथ मिलकर लोगो को सशक्त और जागरूक बनाने के लिए भी वालंटियर या इंटर्न बनकर काम कर सकते हैं ।*

*Join us as a Volunteer or Intern, Type Join and send it on WhatsApp*

**+91-9868189955**

SPECIAL REPORT

# नि:शुल्क ऑनलाइन साइबर प्रशिक्षण




- आजकल इसी प्रकार से अनेकों साइबर अपराध तेजी से प्रसारित हो रहे, जिसे देखते हुए हमने आपके लिए बिल्कुल फ्री में साइबर प्रशिक्षण महा-अभियान चलाया है जिसमे आप ऐसे साइबर अपराध से बचने के तरीको के बारे में सीख पाएंगे।

- साथ ही एक आकर्षक सर्टिफिकेट भी प्राप्त होगा।



यदि आपने अभी तक इस प्रशिक्षण में भाग नही लिया तो एक बार अवश्य ले।

- हिंदी में साइबर प्रशिक्षण- https://forms.gle/AJajaozGwTjLPExC7

- Cyber Training in English- https://forms.gle/8LyAQPWPucn8LHir8

SPECIAL REPORT

# फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करे ?

यदि आप इस तरह के फ्रॉड के शिकार हो जाते है तो तुरंत ही आप सभी chat, भेजे गए डॉक्यूमेंट, और भेजे गए पैसों के स्क्रीन शॉट के साथ **www.cybercrime.gov.in** or **1930** पर संपर्क कर घर बैठे बैठे अपनी शिकायत दर्ज करे । **ऑनलाइन शिकायत** दर्ज करने के लिए आपको **साइबर पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत नहीं** होती है ।








शिकायत दर्ज करने के लिए यहां क्लिक करे और आगे के चरण का अनुसरण कर अपनी शिकायत दर्ज करे।


SPECIAL REPORT

# फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करे ?

**अगर आपको ऑनलाइन शिकायत करने में समस्या आती है तो आप अपने शहर के नजदीकी साइबर सेल में भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है ताकि आपको जल्द से जल्द समाधान मिल सके।**





SPECIAL REPORT

# फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करे ?




## संबंधित बैंक में जाकर/हेल्पलाइन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करे।

## (नीचे कुछ बैंक के हेल्पलाइन नंबर दिए है।)

**Union Bank - 1800222244**

**SBI- 1800 11 221**

**ICICI - 1860 120 777**


**HDFC - 1800 258 616**

**Axis - 1860 419 5555171**






**ध्यान रहे ! हेल्पलाइन नंबर कभी गूगल पर सर्च न करे, संबंधित official website से ही प्राप्त करे ।**



# फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करे ?

## RBI कहता है..

**फ्रॉड होने की स्थिति में अपने बैंक को तुरंत सूचित करें। अधिक जानकारी के लिए 14440 पर मिस्ड कॉल दें।**







अगर आपके **बैंक खाते से किसी ने धोखे से पैसे** निकाले हैं तो इसकी सूचना तुरंत अपने बैंक को दें। जब आप बैंक को सूचित करते हैं, तो अपने बैंक से **पावती (acknowledgement)** लेना याद रखें।

**यदि लेन-देन आपकी लापरवाही के कारण हुआ है,** यानी आपके द्वारा अपना पासवर्ड, पिन, ओटीपी आदि साझा करने के कारण, आपको तब तक नुकसान उठाना पड़ेगा जब तक आप अपने बैंक को इसकी सूचना नहीं देते।

यदि आपके द्वारा बैंक को सूचित करने के बाद भी कपटपूर्ण लेन-देन जारी रहता है, तो आपके **बैंक को उन राशियों की प्रतिपूर्ति करनी होगी।**

यदि आप रिपोर्टिंग में देरी करते हैं, तो आपका घाटा बढ़ जाएगा और यह **आरबीआई के दिशानिर्देशों और आपके बैंक के बोर्ड द्वारा** अनुमोदित राशि **नीति के आधार पर तय किया जाएगा।**

बैंक को आपकी शिकायत प्राप्ति की तारीख से **90 दिनों के भीतर सुलझानी** होती है, अगर **समाधान न होने पर या संतोष जनक जवाब न मिलने पर** शिकायतकर्ता बैंक की **शिकायत बैंक के ओम्बड्समैन** को भी कर सकता है। इसकी जानकारी आप यहाँ से (RBI) ले सकते है।
https://rbi.org.in/scripts/FAQView.aspx?Id=24

collcom
Empowering Youth through Community Service




## सावधान रहें सुरक्षित रहे!

## अपने मित्रों व रिश्तेदारों के साथ इस मैगज़ीन को शेयर जरूर करे |

**हमसे लगातार साइबर अपडेट्स पाने के लिए इस QR कोड को स्कैन कर, और हमारे आधिकारिक चैनल/ग्रुप को सब्सक्राइब करे।**

SUBSCRIBE

WhatsApp

Telegram

Click to Check Out some interesting video on YouTube
https://www.youtube.com/@collcom

For volunteering, Type **Join** and Send it on **WhatsApp +91-9868189955**

# संस्थापक के बारे में




## DR GAURAV KUMAR

(Founder and Director of CollCom, Asst Prof at Bennett University, Greater Noida)

डॉ गौरव वर्तमान में बेनेट विश्वविद्यालय (टाइम्स ग्रुप), ग्रेटर नॉएडा, उत्तर प्रदेश में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। वह एक सामाजिक उद्यमी और CollCom (कॉलेज कम्युनिटी सोशल वेंचर) के संस्थापक और राष्ट्रीय सेवा योजना बेनेट विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी भी है।

डॉ कुमार हमारे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से कंप्यूटर विज्ञान में एम.टेक और पीएचडी पूरी की है। अपनी शिक्षा के दौरान, वह सामाजिक गतिविधियों में काफी सक्रिय थे जैसे स्लम बस्ती में बच्चों को पढ़ाना, Waste मैनेजमेंट, वृक्षारोपण अभियान, रक्त दान, स्वास्थ्य, योग और फिटनेस के लिए सभी को जागरूक करना जैसे विषय पर काफी काम किया है।

उनके इस अथक प्रयास के लिए उन्हें विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक पुरस्कार और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी (बेस्ट वालंटियर अवार्ड) का पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है।

कोविड के समय में डॉ कुमार शांत नहीं बैठे। उन्होंने प्लाज्मा और ऑक्सीजन सपोर्ट के लिए लोगों की मदद करने का काम शुरू किया। उन्होंने देखा हर व्यक्ति बच्चा से बूढ़ा सभी लोग अपने दैनिक कार्य करने के लिए इंटरनेट पर निर्भर होते जा रहे है। जल्द ही, उन्हें इंटरनेट की दुनिया में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के बारे में जागरूकता की कमी के महत्व का एहसास हुआ।

उन्होंने साइबर अपराध जागरूकता पर एक मेगा अभियान शुरू किया। उन्होंने विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों (ऑफ़लाइन और ऑनलाइन) का दौरा करना शुरू किया और साइबर अपराध जागरूकता पर 35 से अधिक कार्यशालाएँ की। उन्होंने एक छोटा और बहुत ही अभिनव ऑनलाइन सेल्फ गाइड साइबर क्राइम अवेयरनेस ट्रेनिंग मॉड्यूल विकसित किया, जिसमें अभी तक 52,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए।

उनका लक्ष्य अगले दो वर्षों में हमारे देश के 10 लाख लोगों को इंटरनेट की दुनिया में सशक्त बनाना है।

# संपादक के संदेश..



## MR. PRITESH MISHRA

(National Coordinator, CollCom)

किसी व्यक्ति के साथ फ्रॉड होने का अर्थ ये कदापि नही है की वो शिक्षित नही है, केवल सीधा सा अर्थ है वो उस बात से अनभिज्ञ / जागरूक नही था। अत फ्रॉड होने के स्थिति में आप सबसे पहले जरा भी न घबराए, परिवार वाले डाटेंगे या मित्र क्या कहेंगे ? ये कदापि न सोचे या कोई भी गलत फैसला न ले, समय रहते यदि आप शिकायत दर्ज करवा देते है तो आपके पैसे मिलने के अवसर बढ़ जाते है।

अब तो RBI के दिशा निर्देश के अनुसार आप फ्रॉड होने के तुरंत बाद यदि अपने संबंधित बैंक में शिकायत दर्ज कराते है तो वो आपको 90 दिन के भीतर ही आपकी समस्या सुलझा देते है। परंतु आप को यहां तक पहुंचने की आवश्यकता ही क्या है बस थोड़ी सी सावधानी के साथ आप अपने और अपने से संबंधित लोगो को साइबर अपराध से बचा सकते है।

एक फ्रॉडस्टर आपसे OTP और pin को निकलवाने के विभिन्न तरीके अपनाता है, आप देखेंगे कि अंततोगत्वा वो आपसे पैसे की मांग करते है, चाहे वो रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में हो या कंपनी से जुड़ने के आईडी कार्ड बनानी हो, बस आपको यही समझना है की किसी भी नौकरी से जुड़ने के लिए आपको किसी भी प्रकार से पैसे देने की आवश्यकता नही होती है।

समय समय पर आपको साइबर से संबंधित जानकारी हम अपने ऑफिशियल वेबसाइट/सोशल मीडिया/यूट्यूब वीडियो के माध्यम से साझा करते रहेगें।

जागरूक रहे सुरक्षित रहे!

# सलाहकार सदस्य



**Dr Anil Kumar Singh**
( Asst. Professor, SLL&CS, Jawaharlal Nehru University )



**Shri Anshumali Sharma**
(State Liason Officer (SLO) Nataional Service Scheme, Uttar Pradesh)



**Dr. Sanjeev Sharma**
(Associate Professor, Dr Ambedkar International Centre, New Delhi)



**Shri Gautam Kumar**
(Executive Engineer, WRD, Govt of Bihar)



**Shri Amrish Kumar Niranjan**
(Youth Assistant, NSS, Delhi)



**Shri Sintoo Kumar**
(TGT Teacher, Govt of Delhi)



**Shri OP Mishra**
(Entrepreneur and Director of Jetex Infotech)



**Shri Ranjan Kumar**
(Senior Product Manager, Microsoft)

# कार्यकारी सदस्य



**Dr Gaurav Kumar**
(Founder and Director, CollCom)



**Mr Priteesh Kumar**
(Asst. Director, CollCom)



**Shri Satya Kumar**
(CEO and Director, Jetex Private Limited)



**Mr Pritesh Mishra**
(National Coordinator, CollCom)



**Mr Sumit Kumar**
(State Coordinator, CollCom)



**Ms Shweta Kumari**
(Social Media Head, CollCom)